पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय सीतापुर

आवधिक परीक्षा-1(2024-25)

विषय – हिंदी

कक्षा – आठवीं

समय – **90** मिनट पूर्णांक – **40**

नोट – सभी प्रश्न करना अनिवार्य है-

प्रश्न **1.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **1×5=5**

जग-जीवन में जो चिर महान, सौंदर्यपूर्ण और सत्यप्राण, मैं उसका प्रेमी बनूं नाथ! जिससे मानव-हित हो समान!जिससे जीवन में मिले शक्ति, छूटे भय-संशय, अंधभक्ति, मैं वह प्रकाश बन सकें नाथ! मिल जावे जिसमें अखिल व्यक्ति

क) कवि ने 'चिर महान' किसे कहा है?

(अ) मानव को। (ब) ईश्वर को। (स) जो सत्य और सुंदर से संपूर्ण हो। (द) शक्ति को

ख) कवि कैसा प्रकाश बनना चाहता है?

(अ) जिससे सब तरफ उजाला हो जाए। (ब) अज्ञान का अंधकार दूर हो जाए

(स) जो जीने की शक्ति देता है। (द) जिसमें मनुष्य सभी भेदभाव भुलाकर एक हो जाते हैं।

ग) कवि ने 'अखिल व्यक्ति का प्रयोग क्यों किया है?

(अ) कवि समस्त विश्व के व्यक्तियों की बात करना चाहता है। (ब) कवि अमीर लोगों की बात कहना चाहता है।

(स) कवि भारत के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाहता है। (द) कवि ब्रह्मज्ञानी बनना चाहता है।

घ) कवि ने कविता की पंक्तियों के अंत में विस्मयादिबोधक चिह्न प्रयोग क्यों किया है?

(अ) कविता को तुकांत बनाने के लिए (ब) कवि अपनी इच्छा प्रकट कर रहा है।

(स) इससे कविता का सौंदर्य बढ़ता है। (द) पूर्ण विराम की लीक से हटने के लिए

ड) कविता का मूलभाव क्या है?

(अ) कल्याण। (ब) अमरदान की प्राप्ति। (स) विश्व-परिवार की भावना। (द) सत्य की प्राप्ति

प्रश्न **2.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **1×5 =5**

वैसे तो मामा के गाँव का होने के कारण मुझे बदलू को 'बदलू मामा' कहना चाहिए था परंतु मैं उसे 'बदलू मामा' न कहकर बदलू काका कहा करता था जैसा कि गाँव के सभी बच्चे उसे कहा करते थे। बदलू का मकान कुछ ऊँचे पर बना था। मकान के सामने बड़ा-सा सहन था जिसमें एक पुराना नीम का वृक्ष लगा था। उसी के नीचे बैठकर बदलू अपना काम किया करता था। बगल में भट्ठी दहकती रहती जिसमें वह लाख पिघलाया करता। सामने एक लकड़ी की चौखट पड़ी रहती जिस पर लाख के मुलायम होने पर वह उसे सलाख के समान पतला करके चूड़ी का आकार देता। पास में चार-छह विभिन्न आकार की बेलननुमा मुँगेरियाँ रखी रहती जो आगे से कुछ पतली और पीछे से मोटी होतीं। लाख की चूड़ी का आकार देकर वह उन्हें मुंगेरियों पर चढ़ाकर गोल और चिकना बनाता और तब एक-एक कर पूरे हाथ की चूड़ियाँ बना चुकने के पश्चात वह उन पर रंग करता।

**(1)** बदलू कहाँ का रहने वाला था?

(अ) लेखक के गाँव का (ब) लेखक के पड़ोस के गाँव का (स) लेखक के मामा के गाँव का (द) इनमें से कोई नहीं
लाख की चूड़ियाँ

**(2)** लेखक बदलू को 'बदलू काका' क्यों कहता था**?**

(अ ) क्योंकि वह लेखक के गाँव का था (ब) क्योंकि गाँव के सभी बच्चे उसे बदलू काका ही कहते थे

(स) क्योंकि वह इसी नाम से खुश होता था (द) क्योंकि वह लेखक का चाचा था।

**(3)** बदलू कहाँ बैठकर अपना काम करता था**?**

(अ )ऑफिस में (ब) अपने घर के अंदर (स) नीम के पेड़ के नीचे (द) एक झोपड़ी में

**(4)** भट्ठी में बदलू क्या पिघलाया करता था**?**

(अ ) चूड़ी (ब) लाख (स) तांबा (द) मोम

**(5)** लाख की चूड़ियाँ बनाने के लिए बदलू किसका प्रयोग करता था**?**

(अ ) मोम (ब) गोलबास (स) बोलननुमा मुंगेरियाँ (द) लकड़ी की कटोरियाँ

प्रश्न **3** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर दिए गए प्रश्नों के उचित विकल्पों का चयन कीजिए- **(1x5=5)**

इंजन सचमुच स्टार्ट हो गया। ऐसा, जैसे सारी बस ही इंजन है और हम इंजन के भीतर बैठे हैं। काँच बहुत कम बचे थे। जो बचे थे, उनसे हमें बचना था। हम फौरन खिड़की से दूर सरक गए। इंजन चल रहा था। हमें लग रहा था कि हमारी सीट के नीचे इंजन है। बस सचमुच चल पड़ी और हमें लगा कि यह गांधीजी के असहयोग और सविनय अवज्ञा आंदोलनों के वक्त अवश्य जवान रही होगी। उसे ट्रेनिंग मिल चुकी थी। हर हिस्सा दूसरे से असहयोग कर रहा था। पूरी बस सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौर से गुजर रही थी। सीट का बॉडी से असहयोग चल रहा था। कभी लगता सीट बॉडी को छोड़कर आगे निकल गई है। कभी लगता कि सीट को छोड़कर बॉडी आगे भागी जा रही है। आठ-दस मील चलने पर सारे भेदभाव मिट गए। यह समझ में नहीं आता था कि सीट पर हम बैठे हैं या सीट हम पर बैठी है।

**1.** उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का नाम और लेखक का नाम लिखिए।

(क) गद्यांश के पाठ का नाम- बस की यात्रा , लेखक का नाम- हरिशंकर परसाई।

(ख) पाठ-ध्वनि, लेखक- सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'।

(ग) पाठ- भगवान के डाकिए, लेखक- रामधारी सिंह दिनकर।

(घ) पाठ का नाम – लाख की चूड़ियाँ, लेखक- कामतानाथ।

**2.** इंजन सचमुच स्टार्ट हो गया वाक्य में लेखक का कहने का अभिप्राय क्या है**?**

(क) बस की खराब स्थिति को देखकर (ख) ड्राइवर के दयनीय स्थिति को देखकर

(ग) बस की दशा और पहली बार में ही स्टार्ट होने के कारण (घ) बस की हालत को देखकर

**3.** लेखक को ऐसा क्यों लग रहा था कि हम इंजन के भीतर बैठे हैं**?**

(क) गर्मी के कारण (ख) परेशानी के कारण (ग) बस की हालत देखकर (घ) शोर और कंपन के कारण

**4.** उपरोक्त गद्यांश में गांधी जी के किस आंदोलन का वर्णन है**?**

(क) असहयोग आंदोलन (ख) सविनय अवज्ञा आंदोलन (ग) उपर्युक्त दोनों (घ) कोई नहीं

5. गद्यांश में बस की दशा के बारे में क्या पता चलता था?

(क) बस अच्छी हालत में थी (ख) बस की हालत दयनीय थी (ग) बस खराब हालत में थी (घ) पता नहीं

प्रश्न4- निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए- **(1x5=5)**

**(i)**'मिठास' शब्द में कौन सी संज्ञा है?

अ) जातिवाचक ब) व्यक्तिवाचक स) भाववाचक द) अ और ब दोनों

**(ii)** निम्न में से कौन-सा एक व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण नहीं है?

अ) हिमालय। ब) केरल स) देश द) रोहन

**(iii)**वे शब्द जो संज्ञा के स्थान पर प्रयोग में लिए जाते हैं उन्हें क्या कहते है?

अ) संज्ञा ब) विशेषण स) वचन द) सर्वनाम

**(iv)** विशेषण किसकी विशेषता बताता है?

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम (ग) क्रिया (घ) क और ख दोनों की

**(v).** 'मैदान में चार लडके खेल रहे हैं| रेखांकित शब्द में कौन-सा विशेषण है?

(क) गुणवाचक (ख) संख्यावाचक (ग) परिमाणवाचक (घ) सार्वनामिक

प्रश्न**5-** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | **2x5=10**

**(1)** वस्तु-विनिमय क्या है? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है?

**(2)** कारण बताएँ – लोगों ने यह सलाह क्यों दी कि 'समझदार आदमी शाम वाली बस से सफर नहीं करते|'

**(3)** "दीवानों की हस्ती" कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है?

**(4)**पक्षी और बादल द्वारा लाई गई चिट्ठियों को कौन-कौन पढ़ पाते हैं? सोच कर लिखिए।

**(5)**कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया हैं? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न **6-** निम्न लिखत प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**3× 2=6**

**(1)** नेहरू जी ने कुदाल छोड़कर कलम क्यों उठा ली?

**(2)** चांद दीदी कौन थी और उन्होंने किसके विरुद्ध तलवार उठाई थी?

प्रश्न7- बीमारी का कारण बताते हुए दो दिन अवकाश हेतु प्राचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए - **4**

अथवा

अपने मित्र/सहेली को भाई की शादी पर बुलाने के लिए पत्र लिखें